दिन– गुरुवार  दिनांक– 25 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।  अवधिः– 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने बिहार में पिछले तीन वर्षों से एक ही स्थान पर तैनात अधिकारियों के तबादले का आदेश दिया।

02. स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज प्रदेशभर में एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रम दान कार्यक्रम आयोजित हो रहा है।

03. एशिया के सबसे बड़े साहित्यिक महोत्सवों में से एक उन्मेष की आज से पटना में शुरूआत। देश–विदेश के कई प्रतिष्ठित साहित्यकार और कला–संस्कृति जगत की दिग्गज हस्तियाँ होंगी शामिल।

04. और, समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी ने अंडर–नाईनटीन वनडे क्रिकेट में सबसे अधिक छक्के लगाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया।

---

निर्वाचन आयोग ने बिहार में पिछले तीन वर्षों से एक ही स्थान पर तैनात अधिकारियों के तबादले का आदेश दिया है। आयोग ने इस संबंध में मुख्य सचिव और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र भेजकर छह अक्टूबर तक रिपोर्ट मांगी है। पत्र में कहा गया है कि चुनाव कार्य से जुड़ा कोई अधिकारी अपने गृह जिले में पदस्थापित नहीं रहेगा। साथ ही यदि कोई अधिकारी किसी जिले में तीन वर्ष पूरा कर चुका है तो उसे स्थानांतरित किया जायेगा।

---

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बख्तियारपुर–राजगीर–तिलैया रेल लाइन के दोहरीकरण को मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसके लिए दो हजार एक सौ बानवे करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गयी है। श्री वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या– एक सौ उनतालीस के साहिबगंज–अरेराज बेतिया ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस–वे खंड के निर्माण को भी मंजूरी दी है। अठहत्तर किलोमीटर से अधिक लम्बी फोर लेन सड़क के निर्माण पर तीन हजार आठ सौ बाईस करोड़ रुपये से अधिक की लागत आयेगी। श्री वैष्णव ने बताया कि ये सड़क पटना और बेतिया के बीच संपर्क को बेहतर बनाएगी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज खगड़िया और भागलपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। श्री कुमार भागलपुर में तीन सौ करोड़ रूपये की लागत वाली उनसठ योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वहीं, खगड़िया में मुख्यमंत्री पांच सौ करोड़ रूपये की

लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के साथ संवाद भी करेंगे।

---

राज्य में मखाना उत्पादक किसानों को भी अब फसल सहायता योजना का लाभ मिलेगा। सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने बताया कि राज्य फसल सहायता योजना के तहत पहली बार मखाना उत्पादकों से क्षतिपूर्ति दावे के लिए आवेदन लिये जा रहे हैं। मखाना उत्पादक किसान इकतीस अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

---

श्रम संसाधन विभाग ने कामगारों के पारिश्रमिक में बढ़ोतरी की है। जारी अधिसूचना के अनुसार अब अकुशल कामगारों को चार सौ अट्‌ठाईस रूपये प्रतिदिन मिलेंगे। वहीं, अर्द्धकुशल कामगारों को चार सौ चौवालीस रूपये, कुशल कामगारों को पांच सौ इकतालीस रूपये और अति कुशल कामगारों को छह सौ साठ रूपये प्रति दिन मिलेंगे। नई दरें एक अक्टूबर से प्रभावी होंगी।

---

राज्य के सभी नगर निकायों में सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। नगर विकास और आवास विभाग के मंत्री जीवेश कुमार ने पटना में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आयोजित सम्वाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पटना के हरेक गली में सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। इन कैमरों की मदद से सीवरेज, कचरा उठाव और गंदगी की निगरानी की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस महीने के अंत तक पटना मेट्रो का परिचालन शुरू हो जायेगा। नगर विकास मंत्री ने कहा कि विभाग में विभिन्न कोटि के पन्द्रह हजार छह सौ अट्‌ठाईस पदों पर नियुक्ति भी जल्द होगी।

---

स्वच्छता ही सेवा दो हजार पच्चीस के नौवें संस्करण के तहत आज राज्यव्यापी एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रम दान कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इस दौरान सभी लोग अपनी सुविधानुसार ग्राम पंचायत या निकट के शहरी ग्रामीण क्षेत्र जाकर श्रमदान में शामिल हो रहे हैं। ग्रामीण विकास विभाग की विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसके लिए सभी पंचायतों में जगह चिन्हित किये गये हैं। स्वच्छता ही सेवा अभियान दो अक्टूबर तक चलेगा।

---

सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष

श्रृंखला – सेवा पर्व में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार, रक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए नवाचारों के माध्यम से भारत के रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत कर रही है।

———रिपोर्ट———

---

दिल्ली की विशेष अदालत ने आईआरसीटीसी होटल भ्रष्टाचार मामले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य आरोपियों को तेरह अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है। इस मामले में आरोप तय करने के संबंध में इसी दिन फैसला आना है।

---

आर्थिक अपराध इकाई ने आय से अधिक सम्पत्ति मामले में समस्तीपुर के विद्युत अधीक्षण अभियंता विवेकानंद के छह ठिकानों पर छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी अधिकारी के सीवान के तीन, समस्तीपुर के दो और पटना में एक ठिकाने पर छापेमारी हुई है। प्राथमिक जांच में अधीक्षण अभियंता के पास आय से दो करोड़ तेरह लाख रूपये से अधिक की सम्पत्ति का खुलासा हुआ है।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने सारण जिले के पानापुर से पंचायती राज विभाग के कनीय अभियंता करीम रजा को पचास हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियंता पर चकिया पंचायत में विभिन्न योजना की मापी पुस्तिका और जीयो टैगिंग करने के लिए घूस मांगने का आरोप है।

---

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारे संवाददाता ने बताया कि विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके, ये सुधार नागरिकों को काफी राहत पहुँचा रहे हैं।

———रिपोर्ट———

---

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन आज माँ दुर्गा के कुष्माण्डा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है।

———म्यूजिक———

हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवी का यह स्वरूप कष्टों और संकटों से मुक्ति दिलाता है। इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया कि सुबह से ही मंदिरों और

शक्तिपीठों में पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पूरा वातावरण माँ दुर्गा के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

---

एशिया के सबसे बड़े साहित्यिक महोत्सवों में से एक उन्मेष आज से पटना में शुरू हो रहा है। चार दिवसीय इस महोत्सव का तीसरा संस्करण साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां पटना के सम्राट अशोक कन्वेंशन हॉल में इस महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। देश–विदेश के कई प्रतिष्ठित साहित्यकार और कला तथा संस्कृति जगत की दिग्गज हस्तियाँ इस कार्यक्रम में भाग लेंगी। संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित यह अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव विभिन्न विषयों पर केंद्रित होगा।

---

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने अगले वर्ष होने वाली दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा की सम्भावित तिथि जारी कर दी है। दसवीं की पहली बोर्ड परीक्षा सत्रह फरवरी से सात मार्च के बीच आयोजित होगी। वहीं, दूसरी बोर्ड परीक्षा सोलह मई से एक जून के बीच आयोजित की जायेगी। बारहवीं की बोर्ड परीक्षा का आयोजन सत्रह फरवरी से नौ अप्रैल के बीच होगा।

---

समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी ने अंडर–नाईनटीन वनडे क्रिकेट में सबसे अधिक छक्के लगाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। ब्रिसबेन में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे मुकाबले में सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने छह छक्के और पांच चौके की मदद से सत्तर रनों की बेहतरीन पारी खेली। इसके साथ ही वैभव ने यूथ वनडे में कुल इकतालीस छक्के पूरे कर लिए। इससे पहले, यह रिकॉर्ड भारत के उनमुक्त चंद के नाम था। उनमुक्त ने इक्कीस मैचों में अड़तीस छक्के लगाए थे।

---

भारत ने सुपर फ़ोर में बांग्लादेश को इकतालीस रनों से पराजित कर एशिया कप के फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। कल दुबई में खेले गये मैच में पहले बल्लेबाज़ी करते हुए भारत ने निर्धारित बीस ओवरों में छह विकेट पर एक सौ अड़सठ रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश की पारी केवल एक सौ सत्ताईस रनों पर सिमट गयी। भारत बारहवीं बार एशिया कप के फाईनल में खेलेगा।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार में चौरासी साल बाद कांग्रेस कार्य समिति की विस्तारित बैठक के बाद ऐलान– बिहार में बनायेंगे महागठबंधन की सरकार।

दैनिक जागरण ने लिखा है– चुनाव से पहले बिहार को छह हजार करोड़ की परियोजनाएं।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– दो हजार पांच से पहले की सरकार ने काम नहीं सिर्फ विवाद पैदा किया।

दैनिक भास्कर लिखता है– लेह सुलगा, पूर्ण राज्य के लिए युवाओं का हल्ला–बोल। भाजपा दफ्तर फूंका, चार की मौत।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. निर्वाचन आयोग ने बिहार में पिछले तीन वर्षों से एक ही स्थान पर तैनात अधिकारियों के तबादले का आदेश दिया।

02. स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज प्रदेशभर में एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रम दान कार्यक्रम आयोजित हो रहा है।

03. एशिया के सबसे बड़े साहित्यिक महोत्सवों में से एक उन्मेष की आज से पटना में शुरूआत। देश–विदेश के कई प्रतिष्ठित साहित्यकार और कला–संस्कृति जगत की दिग्गज हस्तियाँ होंगी शामिल।

04. और, समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी ने अंडर–नाईनटीन वनडे क्रिकेट में सबसे अधिक छक्के लगाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।